हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 बिना किसी पक्षपात के सभी हलकों का चंहुमुखी विकास करा रही हरियाणा सरकारः आरती



12 अग्रवाल समाज महिला विंग ने हर्षोल्लास से मनाया तीज महोत्सव ...



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहित की ओर से गत वर्ष दर्ज कराई गई शिकायत में ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग पर प्रताड़ित करने और जाने से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 11 मई को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने यूपी के कुलेसरा निवासी पराग अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने हादसे के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। खोल थाना क्षेत्र में 21 मई को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। जांच के बाद पुलिस ने माहखरिया निवासी कर्णसिंह को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।


### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भटसाना में मारपीट के बाद घायल के बयान पर पुलिस ने 23 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में भटसाना निवासी दीपक को गिरफ्तार किया गया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 17 जुलाई को निखरी में मारपीट के बाद दर्ज मामले में गांव निवासी राजू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट में दो महिलाओ सहित तीन काबू

**धारूहेड़ा।** पांचाल कॉलोनी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर 15 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। घायल ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने इस मामले में पांचाल कॉलोनी निवासी उषा, रेखा व सुदेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को रिहा कर दिया गया।

### बाबा मोहनदास मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा 23 से



**रेवाड़ी।** गांव भाड़ावास स्थित बाबा मोहनदास मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आगामी 23 से 29 जुलाई तक किया जाएगा। समाजसेवी सुभाष यादव डुंडाहेडा ने बताया कि कथा से पूर्व 23 जुलाई को सुबह 9 बजे कलश व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा बाबा मोहनदास मंदिर भाड़ावास से शुरू होकर गांव में परिक्रमा कर मंदिर परिसर में संपन्न होगी। प्रार्थना प्रवचन एवं प्रभात फेरी प्रतिदिन प्रातः 5 से साढे छह बजे तक होगी। लड्डुगोपाल, वृंदावन वाले ब्रह्मचारी शिवबली महाराज बतौर कथावाचक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं पर श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। 30 जुलाई को हवन व भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा।

## नगर परिषद का दावा, पकड़कर गोशाला भेजे जा रहे गोवंश

# शहर में हर तरफ नजर आ रहे गोवंश, पेमेंट अटकने से एजेंसी का काम बंद, गोशालाओं में जगह नहीं

- लेकिन शहर की सड़कों पर दिन-रात लगा रहता जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी







**रेवाड़ी।** नई अनाजमंडी में लगा गोवंश का जमावड़ा,महाराणा प्रताप चौक के पास बीच सड़क में जमा गोवंश, भाड़ावास रोड पर सड़क पर जमा गोवंश। **फोटो :हरिभूमि**

प्रशासन की सुस्ती के कारण एक बार फिर शहर की सड़कों पर विचरण करने वाले गोवंश की संख्या बढ़ गई है। गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजने का ठेका लेने वाली एजेंसी ने पेमेंट न मिलने के कारण पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से काम बंद किया हुआ है, जिसके कारण शहर के कई मार्गों पर गोवंश का जमावड़ा लगा हुआ है। सड़कों पर घूमते गोवंश पिछले एक महीने में आधा दर्जन से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाकर घायल कर चुके है। शहर की सड़कों पर घूमती ज्यादातार गाय गो-पालकों की है, जिन्हें दूध निकालने के बाद सड़कों पर पेट भरने के लिए छोड़ दिया जाता है, जिसके बाद ये गोवंश हिंसक बनकर लोगों को अस्पताल पहुंचाने का काम कर रहे है। गोशालाओं में भी गोवंश को रखने के लिए जगह नहीं है। पिछले सप्ताह डीसी ने अधिकारियों को गोशालाओं की क्षमता का आकलन करने और नंदीशाला के लिए जमीन तलाश करने के निर्देश दिए थे। नगर परिषद के अनुसार शहर, बावल व धारूहेड़ा में करीब 1700 गोवंश सड़कों पर घूम रहे है।

### हिंसक बने गोवंश लोगों को कर रहे घायल

पिछले तीन सप्ताह के दौरान शहर में हिंसक बने गोवंश आधा दर्जन लोगों पर हमला करके चोटिल कर चुके है। गायों ने मोहल्ला कुतुबपुर में पांच लोगों व सेक्टर-4 में एक युवक पर हमला करके अस्पताल पहुंचा दिया था। इसके बाद शक्ति नगर में लड़ते दो सांडों ने मकान की दिवार तोड़ दी थी। सांडों की इस लड़ाई में स्कूटी सवार एक महिला बाल-बाल बच गई। इससे पहले भी गोवंश दो वर्ष में काफी लोगों को घायल कर चुके है तथा दो-तीन लोगों की जान भी ले चुके है। शहर के नाईवाली चौक, महाराणा प्रताप चौक, ब्रास मार्केट, मोती चौक, पुरानी सब्जीमंडी व अनाजमंडी सहित कॉलोनियों, सेक्टर व मोहल्लों में दिन-रात गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है।

### चार गोशालाओं में भेजे जा सकते गोवंश

शहर में गोवंश की समस्या को लेकर डीसी अभिषेक मीणा ने 10 जुलाई को गोशालाओं में क्षमता का आकलन व नगर परिषद को नंदीशाला के लिए जमीन तलाश के निर्देश दिए थे। बैठक में नगर परिषद के ईओ सुशील भुक्कल ने बताया था कि शहर में करीब 1500 बेसहारा पशु है।

बावल नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर ने बताया कि बावल और धारूहेड़ा में करीब 200 बेसहारा पशु है। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. नसीब सिंह यादव ने बताया था कि बगथला, जाटूसाना, मामड़यि हसन व धारूहेडा की प्रत्येक गोशाला में 50 से 150 तक की संख्या में गाय व नंदी को भेजा जा सकता है, लेकिन इस ओर अभी तक कोई कदम नहीं उठाए गए है।

### सड़कों पर खुले घूम रहे पशुपालकों के गोवंश

शहर की सड़कों पर घूमने वाली गायों में अधिकांश पशुपालकों की ही हैं। पशुपालक इनका दूध निकालने के बाद पेट भरने के लिए सड़कों पर छोड़ देते हैं। सड़कों पर खुले घूमने वाले सांड मौका मिलते ही राहगीरों पर हमला कर देते हैं। आपस में लड़ते हुए सांड कई वाहन चालकों को घायल कर चुके हैं। नगर परिषद के अनुसार अब तक एजेंसी 1300 से ज्यादा गोवंश पकड़कर गोशाला में छोड़े जा चुके है, लेकिन सड़कों पर बड़ी संख्या में घूमते गोवंश को देखकर गोशालाओं में भेजने के दावे कागजी साबित हो रहे हैं।

### एजेंसी की पेमेंट न होने से अटका कार्य

नगर परिषद की ओर से गोवंश पकड़ने के लिए रॉयल एंटरप्राइजेज फर्म को ठेका दिया हुआ है। फर्म के संचालक ने बताया कि उनके पास जनवरी 2026 तक गोवंश पकड़ने का ठेका है। नगर परिषद की तरफ उनकी करीब 16 लाख रुपये की पेमेंट अटकी हुई है। एजेंसी का अभी तक 4.32 लाख का ही भुगतान हुआ है। अधिकारी जानबूझकर उनकी बकाया राशी का भुगतान नहीं कर रहे है। पेमेंट होने पर ही गोवंश पकड़ने का कार्य शुरू किया जाएगा।

## पैसे डबल करने के नाम पर पचास लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर लिया

- यूपी निवासी विरेंद्र कुमार को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था
- अब यूपी के अलीगंज के चर्च रोड विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ को इस मामले में गिरफ्तार किया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी का आरोपी। **फोटो :हरिभूमि**

थाना धारूहेड़ा पुलिस ने विदेशी फंडिंग के जरिए अस्पताल खोलने के नाम पर पैसा डबल करने का लालच देकर 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस को दर्ज शिकायत में कुतुबी की ढाणी निवासी ईश्वर सिंह ने बताया था कि वह धारूहेड़ा चुंगी राजेश को अच्छी तरह से जानता था। राजेश अक्सर उसके घर पर आता रहता था। उसने बताया कि वह पूनम मल्टी स्पेशियलटी अस्पताल का अथॉराइज्ड सिग्नेचरी है। उसके मिलने वाले वीके सिंह का विदेशों में अच्छा लिंक है। अगर वह 50 लाख रुपये अस्पताल में निवेश करता है, तो उसके पैसे बहुत जल्द डबल हो जाएंगे। उसकी बातों में आकर उसने अस्पताल के नाम पर 50 लाख रुपये का चेक दे दिया। काफी समय तक उसे पैसा वापस नहीं मिला, तो उसने राजेश से संपर्क किया। राजेश ने 6 माह में पैसा लौटाने की बात कही, परंतु बाद में उसका पैसा लौटाने का इनकार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 9 जुलाई 2016 को कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। यूपी निवासी विरेंद्र कुमार को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब यूपी के अलीगंज के चर्च रोड विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ को इस मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### सुसाइड कर चुका एक आरोपी

पुलिस के अनुसार एक आरोपी राजेश वीके सिंह के झांसे में आ गया था। उसने कुछ अन्य लोगों से भी वीके सिंह को पैसा दिलाया था। जब पैसा लौटाने का दबाव बढ़ा, तो राजेश ने संदिग्ध हालत में सुसाइड कर लिया था। इस मामले में उसके परिजन भी शामिल हैं, परंतु मुख्य आरोपी वीके सिंह को ही माना जा रहा है। पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है।

## बैंक से चोरी किया कैश का बैग नेशनल हाइवे के पास बरामद



**बावल।** गत 15 जुलाई को एसबीआई की बावल शाखा से 10.70 लाख रुपये का बैग चोरी होने के मामले में नया मोड़ आ गया है। चोरी किया गया बैग दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के ओढ़ी कट के पास लावारिस हालत में पड़ा मिला है, जिसमें 10.5 लाख रुपये मिले हैं। पुलिस ने बैग को कब्जे में लेकर आरोपियों का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए। जयसिंहपुर खेड़ा के पेट्रोल पंप से एक वैन में 10.70 लाख रुपये भरा बैग भाड़ावास निवासी विजय सिंह लेकर आया था। उसके साथ वैन का चालक और एक अन्य व्यक्ति थे। जब बैग को बैंक में रखकर विजय कैश जमाने की प्रक्रिया पूरी कर रहा था, तो उसी समय दो लोग बैग लेकर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। सूचना मिलने के बाद डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, बावल थाना पुलिस और सीआईए की टीम मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस अभी आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है कि शुक्रवार सुबह पुलिस को ओढ़ी कट के पास लावारिस बैग मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर जाकर बैग को कब्जे में लेकर चेक किया। बैग में 10.50 लाख रुपये मिले। बैंक की पर्ची बैग से बरामद हुई, जिसमें पेट्रोल पंप का नाम लिखा हुआ था।

## डीटीपी की धारूहेड़ा क्षेत्र में कारवाई



**रेवाड़ी।** अवैध कॉलोनी पर चलती डीटीपी की जेसीबी। **फोटो :हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी की टीम ने शुक्रवार को धारूहेड़ा क्षेत्र में नंदरामपुर रोड पर अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की, प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर प्लॉट खरीदने वाले लोगों तक में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम धारूहेड़ा में गांव अलावलपुर की राजस्व सीमा में पहुंची। जहां पर डीटीपी की जेसीबी ने 5 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया।। डीटीपी टीम ने यहां 5 डीपीसी व कच्चे रोड नेटवर्क को जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। इस कार्रवाई से प्लॉटिंग का कार्य करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। प्रॉपर्टी डीलर व कॉलोनाइजर जिले में नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं।

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें: डीटीपी



डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं।

- पांच एकड़ में अवैध कॉलोनी की जमींदोज

## एसबीआई कोसली शाखा की पीओ के ट्रांसफर पर विदाई कार्यक्रम आयोजित



**कोसली।** भारतीय स्टेट बैंक की कोसली शाखा में परिवीक्षा अधिकारी आरती झा के स्थानांतरण पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यकारी शाखा प्रबंधक मोनू कुमार ने कहा कि आरती अपने कार्य के प्रति निष्ठावान व परिश्रमी अधिकारी रही है। उन्होंने अधिकारी के सरल स्वभाव व कार्यशैली की सराहना की। इस मौके पर सहकर्मियों ने आरती झा को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय अधिकारी कृष्णपाल चौहान, सतबीर यादव, राहुल राव, मुकेश यादव गुड्डी रानी कुलवंत यादव देवपाल यादव, सुनीता देवी, पूजा देवी, कुलदीप सिंह व सत्य प्रकाश मौजूद थे।

## एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने के आसार

# बार-बार रंग बदल रहा मौसम, कई इलाकों में हुई बरसात

- फसलों को मौसम का मिल रहा जमकर फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सावन माह में मौसम बार-बार रंग बदल रहा है। कभी आसमान में बादलों के बीच बारिश शुरू होती है, तो कभी आसमान साफ होने के बाद धूप खिल जाती है। धूप खिलते ही उमस भरी गर्मी जमकर परेशान करना शुरू कर देती है। एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। इस दौरान मध्यम और तेज बरसात भी हो सकती है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। सुबह कई इलाकों में हल्की बरसात और बूंदाबांदी हुई। इसके बाद तेज धूप खिलते ही उमस भरी गर्मी ने पसीना छुड़ाना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद ही आसमान में बादल गहराने के बाद कई इलाकों में हल्की बरसात हुई। अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री की मामूली कमी के साथ 31.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी से ज्यादा रहा, जबकि हवाओं की गति 20 किमी प्रति घंटा से अधिक रही।



**रेवाड़ी।** एक खेत में लहराती बाजरे की फसल। **फोटो :हरिभूमि**

### किसानों को सिंचाई से मिल रही राहत

बार-बार हो रही बरसात से किसानों को फसल सिंचाई से राहत मिल रही है। इससे कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग भी कम हो गई है। इस समय बाजरा और कपास की फसलों का तेजी से विकास हो रहा है। दोनों फसलों पर बारिश रौनक छाई हुई है। फसल उत्पादन भी अच्छा होने की संभावना बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बार-बार बूंदाबांदी से फसल कीटों की चपेट में भी आ सकती है। अगर किसानों को लक्षण दिखाई दें, तो वह विशेषज्ञों की सलाह पर दवाओं का छिड़काव करें।

मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है।

इस दौरान तेज हवाओं के साथ मध्यम या तेज बारिश भी हो सकती है। तापमान में मामूली उतर-चढ़ाव लगातार देखने को मिल सकता है। शुक्रवार को शाम के समय भी कई इलाकों में बौछारें गिरने से मौसम खुशगवार हो गया।

### एक पौधा मानवता के नाम कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 20 जुलाई को पंजाबी धर्मशाला में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम एक पौधा मानवता के नाम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि भारत विकास परिषद के संरक्षक रमेश सचदेवा कार्यक्रम में मुख्यातिथि व नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से धीरज शर्मा जांगड़ा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, पतंजलि के जिला प्रभारी दयाराम आर्य व समाजसेवी एडवोकेट दुष्यंत यादव का अभिनंदन किया जाएगा।



एनाकोंडा सांप का वजन लगभग 300 किलो तक हो सकता है।



बिच्छू एक हफ्ते तक सांस रोककर भी जिन्दा रह सकता है।

# एजुकेशन लोन : पढ़ाई में आ रही है दिक्कतों से मुक्ति



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर कोई बिना किसी वाधा के अपनी पढाई का सफर पूरा करना चाहता है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कुछ लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है क्योंकि घर की स्थिति खराब होती है और वो अपनी शिक्षा को जारी नहीं रख पाते हैं। अगर कोई भी इस तरह की स्थिति से जूझ रहा हैं तो उसे बैंक से एजुकेशन लोन मिल सकता है। अगर अभिभावक बच्चे को उच्च शिक्षा दिलाने में काबिल नहीं हैं और उनका सपना है कि उनका बच्चा जिंदगी में बढ़े लेवल पर काम करे तो वह स्टूडेंट स्कालरशिप कि साथ साथ स्टूडेंट लोन भी ले सकते हैं।

## क्या है एजुकेशन लोन

अपनी एजुकेशन पर किसी बैंक संस्थान से लिया गया पैसा या उच्च स्तर की शिक्षा के लिए लोन लेने को एजुकेशन लोन या फिर स्टूडेंट लोन का नाम दिया जाता है। इस लोन को छात्र खुद या उसके अभिवावक प्राप्त कर सकते हैं और अपने बच्चे को आगे की पढाई बिना किसी रूकावट के करा सकते हैं। इसी के साथ छात्र का सपना अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना है तो वह बैंक की शर्तों के आधार पर लोन प्राप्त कर सकता है।

### कैसे लें लोन

शिक्षा ऋण लेने से पहले आपको इसके टर्म और कंडीशन को अच्छे से समझना होगा ताकि बाद में पैसा वापस करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। लेकिन यह भी सही है कि शिक्षा ऋण में आपको दूसरे ऋणों के मुकाबले काफी कम ब्याज और ज्यादा समय भी मिलता है। इसके लिए आपको सही बैंक को चुनना जरुरी है और उनसे उनकी शर्तों को पता कर लें। अगर आप बाद में लोन की राशि लुटाने में सक्षम हो तो आप एक गारंटर को साथ लेकर बैंक के सारे रूल मानते हुए लोन ले सकते हैं। लोन की पूरी पर्कियां पास होने पर जब आप और बैंक बिल्कुल निश्चिंत हो जाएं तो आपको लोन का पैसा दे दिया जाता है। जिसकी मदद से आप आसानी से अपनी उच्च शिक्षा के सपने को साकार कर पाएंगे।

## कितने प्रकार का होता है लोन

**पेरेंट्स लोन** :- यह लोन स्टूडेंट के मां-बाप को दिया जाता है, जिनकी वित्तीय क्षमता बच्चों को उच्च सत्तर की शिक्षा देने में सही नहीं होती। यह पैरेंट लोन लेकर वह अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दिला सकते हैं।

**अंडर ग्रेजुएट लोन** :- यह लोन उन स्टूडेंट्स के लिए होता है जो अपनी स्कूल की पढाई पूरी करने के बाद स्नातक करना चाहते हैं और वह ग्रेजुएशन चाहे भारत में या विदेश में करनी हो उनको लोन मिल जाता है और लोन की मदद से छात्र आसानी से अपनी ग्रेजुएशन कर पता है।

**प्रोफेशनल ग्रेजुएट लोन** :- इसका मतलब जो छात्र स्नातक पूरा कर चुके हैं और आगे की पढाई करना चाहते हैं , तो उनको यह लोन दिया जाता है।

**करियर एजुकेशन लोन** :- किसी खास क्षेत्र में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले यह लोन ले सकते हैं। जैसे कि अगर कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो वह मेडिकल करियर के लिए लोन पास करवा सकता है।

इन सभी में से आपको किसी भी प्रकार का लोन चाहिए तो आप अपने नजदीकी बैंक से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और लोन के प्रोसेस के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

## डाक्यूमेंट और जरूरत पर करता निर्भर

### कितना लोन मिलता

एजुकेशन लोन की राशि आपके पढाई के डाक्यूमेंट्स और आपकी जरूरत पर निर्भर करती हैं। आपको 50,000 से लेकर 4 लाख रूपए तक का स्टूडेंट लोन आसानी से मिल जाता है जो आप बिना किसी गारंटी के ले पाएंगे। अगर आप 10वीं पास यानी कि 10वीं के सर्टीफिकेट पर लोन लेना चाहते हो तो आपको 50,000 से लेकर 1,50,000 रूपए तक लोन मिल जाता है।

### क्या कागजात चाहिए

स्टूडेंट को अपनी एजुकेशन पर लोन लेने के कुछ जरुरी कागजातों की जरुरत पड़ेगी, एजुकेशन लोन कागजात के लिए निम्नलिखित दस्तावेज चाहिए।

योग्यता प्रमाण पत्र, कोर्स की जानकारी

आयु दस्तावेज , निवास पता

पहचान पत्र , बैंक की पासबुक

पासपोर्ट साइज फोटो

### प्रोसेस

आपको किसी बैंक या संस्था से लोन लेने के लिए पुरे प्रोसीजर को फॉलो करना होता है ताकि आपको जल्दी और ठीक तरीके से लोन का पैसा मिल सके। यह है लोन प्रोसेस।

- सबसे पहले बैंक का निर्धारण कर बैंक से संपर्क करें।
- बैंक अधिकारीयों से स्टूडेंट लोन के बारे में पता करें और उनके द्वारा दिए गए फॉर्म को ठीक से भरें।
- अब बैंक आपसे जो भी जरुरी कागजात मांगती है वह उपलब्ध करवाएं।
- बैंक वाले आपसे जो जानकारी पूछे उसे सही से बताएं और उनकी शर्तें भी पता करें।
- अगर अपने फॉर्म के साथ डॉक्यूमेंट भी जमा करा दिए हैं तो बैंक के जवाब का इंतजार करें।
- बैंकों की अपनी एक प्रोसेस होती है लोन को पास करने की वह पूरी होते ही आपको लोन मिल जाता है।

### ब्याज दर

एजुकेशन लोन में ब्याज दरें दूसरी लोन स्कीम के मुकाबले काफी कम होती हैं। बैंक की ब्याज दर सबकी अलग अलग होती हैं। इसमें समय-समय पर बदलाव होता रहता है।

## भारतीयों की पहली पसंद है विदेशों से एजुकेशन हासिल करना

# विदेश में पढ़ाई करना चाहते है तो आपके काम आएंगे यह प्लेटफॉर्म

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## उच्च शिक्षा प्राप्त करने का साधन

देश पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले समय में इससे और अधिक बढ़ने की संभावना है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं।



### ईयूगेटवे



ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। **eugateway.in** पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ□क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। **Studyandworkabroad.in** पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

### विदेश में पढ़ाई करने के फायदे

विदेश में पढ़ाई का विकल्प चुनने से आप दुनिया को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहां आपको नए देशों को पूरी तरह से नई गतिविधियों और रिवाजों को एक्सपीरियंस करने का अवसर मिलेगा। आप जब दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं, तो आपकी यात्रा आपको हर तरह के लोगों के साथ बातचीत करने में मदद करती है, जिससे आपके सोचने का दायरा अलग-अलग हो जाता है। यह विदेश में पढ़ाई करने के शीर्ष लाभ में से एक है। आप विदेश में बेहतर करियर विकल्प भी चुन सकते हैं। विदेश की कई यूनिवर्सिटीज है जो बेहतर कोर्स के साथ-साथ छात्रवृत्तियां भी देती हैं।



## फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर, मिलेगी अच्छी सैलरी

किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। तो बता दें कि आप डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

### यह करना होता है काम

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

### क्या है फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स

यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आप का कॅरियर खूब फलेगा-फूलेगा


### कर सकते हैं ये कोर्स

इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में बीएससी और एमएससी कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

### इन फील्ड में कर सकते हैं काम

इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

# खुद को जानना, अपनी ताकत, कमजोरियों और मूल्यों को समझना ही असली सफलता



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा शब्द है जो हर छात्र के दिल में एक अलग ही जोश और प्रेरणा भर देता है। लेकिन क्या आपने कभी गहराई से सोचा है कि सफलता का असली मतलब क्या है? क्या यह केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना, एक प्रतिष्ठित नौकरी पाना, या सामाजिक मान्यता प्राप्त करना है? नहीं, असली सफलता इससे कहीं गहरी है। असली सफलता है खुद को जानना अपनी ताकत, कमजोरियों, जुनून, और मूल्यों को समझना। जब आप अपने आप को पूरी तरह समझ लेते हैं, तो जीवन की हर चुनौती आसान लगने लगती है, और आप अपने कौशलों को निखारकर अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने के लिए है, जिसमें हम आत्म-जागरूकता के महत्व, इसके लाभ, और अपने कौशलों को विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## आत्म-जागरूकता : सफलता का आधार

आत्म-जागरूकता का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं, रुचियों, और व्यवहार को समझना। यह एक दर्पण की तरह है जो आपको दिखाता है कि आप वास्तव में कौन हैं। जब आप अपने आप को जान लेते हैं, तो आप न केवल अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देख पाते हैं, बल्कि यह भी समझ पाते हैं कि उन लक्ष्यों तक पहुँचने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

**सही दिशा का चयन**: आज के समय में छात्रों पर कई तरह के दबाव होते हैं—परिवार की अपेक्षाएँ, सामाजिक मानदंड, या दोस्तों का प्रभाव। आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आपके लिए क्या सही है। उदाहरण के लिए, अगर आपको विज्ञान में रुचि नहीं है, लेकिन आप संगीत में रुचि रखते हैं, तो आप संगीत को अपने करियर का हिस्सा बना सकते हैं, भले ही समाज में विज्ञान को अधिक महत्व दिया जाता हो।

**आत्मविश्वास का विकास**: जब आप अपनी ताकत को पहचानते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आत्मविश्वास आपको असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखने की हिम्मत देता है।

**कमजोरियों को सुधारने का अवसर**: आत्म-जागरूकता आपको अपनी कमजोरियों को स्वीकार करने और उन पर काम करने की प्रेरणा देती है। उदाहरण के लिए, अगर आपको सार्वजनिक बोलने में डर लगता है, तो आप इस कौशल को बेहतर बनाने के लिए अभ्यास कर सकते हैं।

**बेहतर निर्णय लेना**: जब आप अपनी प्राथमिकताओं और मूल्यों को समझते हैं, तो आप बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह आपको उन रास्तों से बचाता है जो आपके लिए सही नहीं हैं।

**समय और ऊर्जा की बचत**: जब आप जानते हैं कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है, तो आप अपना समय और ऊर्जा उन चीजों पर केंद्रित करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको लेखन में रुचि है, तो आप इंजीनियरिंग की किताबों में समय बर्बाद करने के बजाय लेखन कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं।

**तनाव में कमी**: आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आप किन चीजों से तनावग्रस्त होते हैं और उन्हें कैसे प्रबंधित करना है। उदाहरण के लिए, अगर आपको समय प्रबंधन में कठिनाई होती है, तो आप अपने दिन को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के लिए टाइम मैनेजमेंट तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं।

## व्यवस्थित योजना बनाने में सहायक

**सकारात्मक रिश्ते**: जब आप अपने आप को समझते हैं, तो आप दूसरों के साथ बेहतर संबंध बना सकते हैं। आप जानते हैं कि आपको किन लोगों के साथ समय बिताना पसंद है और कौन से रिश्ते आपके लिए विषाक्त हो सकते हैं।

**लक्ष्य प्राप्ति में आसानी**: आत्म-जागरूकता आपको अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करने और उनके लिए एक व्यवस्थित योजना बनाने में मदद करती है। इससे आप अपने सपनों को हासिल करने के लिए सही कदम उठा सकते हैं।

**आत्म-मूल्यांकन करें**: एक डायरी बनाएं और उसमें अपनी ताकत, कमजोरियाँ, रुचियाँ, और लक्ष्य लिखें। कुछ सवालों के जवाब ढूंढें: मुझे क्या करने में मजा आता है? मैं किस चीज में स्वाभाविक रूप से अच्छा हूँ? मुझे किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है?

**नए कौशल सीखें**: ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे **Coursera**, **Udemy**, या **YouTube** पर उपलब्ध मुफ्त या सशुल्क कोर्सेज का उपयोग करें। उदाहरण के लिए, अगर आप प्रोग्रामिंग सीखना चाहते हैं, तो **Python** या **Java** जैसे कोर्स शुरू करें। स्थानीय कार्यशालाओं या कक्षाओं में भाग लें, जैसे कि कला, नृत्य, या सार्वजनिक बोलने की कक्षाएँ।

**नियमित अभ्यास करें**: किसी भी कौशल को निखारने के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आप लेखन में सुधार करना चाहते हैं, तो रोजाना 10-15 मिनट लिखने का अभ्यास करें। छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे कि हर हफ्ते एक नया शब्द सीखना या एक छोटी कहानी लिखना।

**फीडबैक लें** : अपने शिक्षकों, दोस्तों, या परिवार से अपनी प्रगति के बारे में राय लें। वे आपको उन क्षेत्रों के बारे में बता सकते हैं जहाँ आप अच्छा कर रहे हैं और जहाँ सुधार की जरूरत है। रचनात्मक आलोचना को सकारात्मक रूप से लें। यह आपको बेहतर बनाने में मदद करेगी। गलतियों से डरें नहीं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** स्वामी विवेकानंद को 'विवेकानंद' की उपाधि किसने प्रदान की थी ?
(ए) महाराजा खेतड़ी ने
(बी) महाराजा बडौदा ने
(सी) रामकृष्ण परमहंस ने
(डी) इनमे से कोई नहीं

**2.** संगीतज्ञ एवं ध्रुपद गायिकी तानसेन को 'कंठाभरणवाणीविलास'' की उपाधि किसने डी थी?
(ए) बाबर
(बी) अकबर
(सी) बैरम खान
(डी) जहाँगीर

**3.** मल्लराज सस्तिपल के महल में मृयु हुयी थी?
(ए) महात्मा बुद्ध की
(बी) महावीर स्वामी की
(सी) स्वामी विवेकानंद की
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** भारतीय पुनर्जागरण आन्दोलन के पिता कौन थे ?
(ए) बाल गंगाधर तिलक
(बी) दयानन्द सरस्वती
(सी) राजा राममोहन राय
(डी) श्रधानंद

**5.** शिकागो के प्रसिद्ध विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया था ?
(ए) सवामी श्रधानंद ने
(बी) स्वामी विवेकानंद ने
(सी) गोपाल कृष्ण गोखले
(डी) बाल गंगाधर तिलक ने

**6.** बंगाल में भक्ति आन्दोलन के प्रवर्तक थे ?
(ए) चैतन्य
(बी) रामानंद
(सी) नामदेव
(डी) रामानुज

**7.** किसकी समाधि होने के कारण नांदेड़ गुरुद्वारा सिख समुदाय के लिए पवित्र स्थल माना जाता है ?
(ए) गुरु नानक
(बी) गुरु रामदास
(सी) गुरु अर्जुन देव
(डी) गुरु गोविन्द सिंह

**8.** सुप्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा ग़ालिब कहाँ के मूल निवासी थे ?
(ए) आगरा
(बी) लखनऊ
(सी) दिल्ली
(डी) लाहौर

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप



### संगठन 30 गांवों में लगाएगा दो हजार पौधे

रेवाड़ी। शुक्रवार को गांव गुरदास माजरा में गंगा समग्र संगठन की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संगठन के हरियाणा प्रांत संयोजक सतपाल शर्मा ने ग्रामीणों का मार्गदर्शन किया। जिला संयोजक भूपेंद्र यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। भूपेंद्र यादव की ओर से करीब 2000 पौधे 30 गांवों में भिजवाएं गए। गंगा समग्र संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से गांवों में 20 जुलाई तक तीन दिन तक पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। शुक्रवार को सतपाल शर्मा प्रांत संयोजक, भाग संयोजक राकेश यादव, रेवाड़ी जिला संयोजक भूपेंद्र यादव, युधिष्ठिर राठी, भूतपूर्व सरपंच घुड़कावास, विक्रम सरपंच माजरा गुरदास, अजीत भूतपूर्व सरपंच माजरा श्योराज, मुकेश पार्षद, प्रताप भूतपूर्व सरपंच बीकानेर, योगेंद्र भूतपूर्व सरपंच गंगायचा अहीर, विकास, आकाश फतेहपुरी, वैभव राव धामलावास व रविंद आदि रहे।

### गांव धवाना और जैनाबाद में स्वास्थ्य मंत्री ने जनसभाओं को किया संबोधित

# बिना किसी पक्षपात के सभी हलकों का चंहुमुखी विकास करा रही प्रदेश सरकार: आरती राव

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव ने गांव लुखी में 55 लाख की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का किया शिलान्यास





रेवाड़ी। गांव लुखी में उप स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव। व गांव लुखी में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव ने शुक्रवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव लुखी में 55 लाख की लागत से बनाए जाने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। गांव के आर्य समाज मंदिर में जनसभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बिना किसी पक्षपात के सभी हलकों का चंहुमुखी विकास करा रही है। मौजूदा सरकार की अगुवाई में 700 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पताल भवनों का नवीनीकरण कराया जाएगा। इससे पहले उन्होंने गांव धवाना और जैनाबाद में सरपंच बाबूलाल व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह की ओर से आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर कोसली के विधायक अनिल यादव व नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव भी मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पहले यह हल्का जाटूसाना कहा जाता था। यहीं से उनके पिता व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह चार बार विधायक चुने गए। इसी क्षेत्र ने उनके परिवार की राजनीतिक नींव रखी थी। इस बार भी भारतीय जनता पार्टी की तीसरी दफा सरकार बनवाने में दक्षिण हरियाणा का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि उनका कोसली विधानसभा क्षेत्र से गहरा जुड़ाव है और इस इलाके का विकास कराने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने गांव जैनाबाद और लुखी की पंचायत को विकास कार्यों के लिए 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। स्वास्थ्य मंत्री ने गांव लुखी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस व शहीद की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित किए।

**यह रहे कार्यक्रम में मौजूद**

इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, एसडीएम विजय कुमार यादव, सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, डीएसपी विद्यानंद और पंचायत समिति चेयरमैन दुष्यंत सिंह, चेयरमैन कर्णपाल, मार्केट कमेटी चेयरमैन कपिल, वाइस चेयरमैन अनिल कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपीराम, हरीश, जिला पार्षद जीवन हितैषी, शारदा यादव, अशोक लुखी, मास्टर कर्मपाल, उदयभान डागर व मुकेश जाहिदपुर सहित अनेक गांवों के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते एसपी।

## सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी समाज का अहम हिस्सा: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने शुक्रवार लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों की समिति के साथ बैठक कर उनसे समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी अपने सुझाव साझा किए। एसपी मीणा ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी समाज का अहम हिस्सा हैं और उनके पास वर्षों का अनुभव व ज्ञान है, जिसका लाभ समाज को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारिवारिक विवादों के समाधान, आपसी भाईचारा बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम में उनकी भूमिका अहम होती है। एसपी ने साइबर अपराध और नशे की प्रवृत्ति जैसी सामाजिक चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि इनके विरुद्ध जागरूकता फैलाने में भी सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी विभाग के लिए सहायक सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे पुलिस का मार्गदर्शन करते हुए समाज में शांति व सद्भाव बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त एसपी देवेंद्र यादव, सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त डीएसपी सुनील कुमार, सेवानिवृत्त निरीक्षक बिजेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार प्रभु दयाल सोनी, बीएसएनल से सेवानिवृत्त एक्सईएन जयपाल, वकील हरिओम शर्मा, सेवानिवृत्त बीईओ जवान सिंह, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल सुमेर सिंह, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल रामअवतार व सेवानिवृत्त अध्यापक रामकिशन सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली



रेवाड़ी। सेवा शिविर का शुभारंभ करते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव।

कोसली की लाला रामरतन गर्ग धर्मशाला में शुक्रवार को व्यापार मंडल की ओर से आयोजित चतुर्थ शिव भक्त सेवा शिविर का शुभारंभ एसडीएम विजय कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर विधि विधान से हवन करके भगवान महादेव की पूजा की गई। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि श्रावण मास में कोसली की सड़कों से अनेक कांवड़िए गुजरते हैं। जो कि हरिद्वार, ऋषिकेश व गंगोत्री की लंबी दूरी तय करते हुए यहां पहुंचते हैं। उनकी सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया जाना एक पुण्य का कार्य है।व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कोसली कस्बे के व्यापारियों के सहयोग से लगातार चौथी बार शिविर लगाया गया है, जोकि 23 जुलाई तक जारी रहेगा। कोसली की लाला रामरतन गर्ग धर्मशाला में शुक्रवार को व्यापार मंडल की ओर से आयोजित चतुर्थ शिव भक्त सेवा शिविर का शुभारंभ एसडीएम विजय कुमार यादव ने किया। शिविर में कांवड़ियों के लिए चौबीस घंटे विश्राम, चिकित्सा सुविधा, शुद्ध भोजन व रात्रि ठहराव की समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर प्रमोद गर्ग, अजय सिंगला, हंसराज सिंगल, सोनू बंसल, तेजपाल गर्ग, धर्मबीर कालड़ा, सुरेंद्र गोयल, धीरज यादव, बृजमोहन बंसल, राजेंद्र झाड़ौदिया, विजय पूनिया, शिव कुमार गर्ग, रविंद्र गुप्ता, लीलूराम स्वामी, अनिल मदान, राजेश जांगड़ा, अरुण गर्ग, जय भगवान बंसल व रामगोपाल गर्ग मौजूद थे।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर किया जागरूक

रेवाड़ी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बारा हजारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभाग की सुपरवाइजर सुषमा देवी, आंगनबाड़ी वर्कर बिंदू शर्मा व आंगनबाड़ी हेल्पर बिमला देवी सहित अनेक महिलाएं व बालिकाएं मौजूद थी। विभाग की सुपरवाइजर सुषमा ने महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने लड़कियों को शिक्षित करने और उनको बेटों की तरह समान अधिकार देने का भी आह्वान किया। उन्होंने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या कराने पर सरकार की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

*छात्राओं की प्रतिभा की सराहना*

## अहीर कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने लिसाना कैंप में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एनसीसी कैडेट्स शिक्षकों के साथ। फोटो: हरिभूमि

अहीर महाविद्यालय की छात्रा कैडेट्स ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थान लिसाना में आयोजित एनसीसी ट्रेनिंग कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन कर अनेक प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की है।

लें. संजीव कुमार ने बताया कि कैंप में छात्रा निकिता ने बेस्ट सीनियर कैडेट तथा तन्नू ने द्वितीय सीनियर कैडेट का स्थान प्राप्त किया। फायरिंग प्रतियोगिता में कैडेट तनू ने द्वितीय स्थान तथा रंगोली प्रतियोगिता में एकता व राजनंदनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। गायन प्रतियोगिता में कैडेट अमीषा, शालनी, भावना व नीलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार कंपनी कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल



रेवाड़ी। घटना स्थल पर खड़ी बाइक व पड़े हेल्मेट। फोटो :हरिभूमि

असाही फ्लाईओवर के पास वीरवार की रात किसी वाहन की चपेट में आने से एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। राजस्थान के अलीपुर गांव का रहने वाले लगभग 23 वर्षीय मंजीत बावल औद्यागिक एरिया की एक कंपनी में काम करता था। रात को ड्यूटी करने के बाद वह बाइक लेकर अपने घर जा रहा था। असाही फ्लाईओवर के पास किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। उसका हेलमेट सिर से उतरकर दूर जा गिरा। मंजीत सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## एनसीआर में आने वाला रेवाड़ी जिला तरक्की करने की बजाय गर्त में जा रहा: रजवंत



रेवाड़ी। इनेलो प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट रजवंत डहीनवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर घोषित स्वच्छता रैंकिंग परिणामों में रेवाड़ी शहर के देशभर में 490वें तथा हरियाणा में 57वें पायदान पर आना काफी शर्मसार हैं, जिसके लिए बीजेपी सरकार और उसके नेता जिम्मेदार हैं। एनसीआर में आने वाला रेवाड़ी जिला तरक्की करने की बजाय गर्त में जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण जिले के पिछड़ने के पीछे जन प्रतिनिधियों व नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रही है। शहर में नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत और घूमते बेसहारा गोवंश को गोशाला में भेजने के नाम पर भ्रष्टाचार व घोटाले हो रहे है। शहर की हालात में सुधार की बजाय गिरावट आना बीजेपी के विकास को आईना दिखा रही है। शहर में थोड़ी सी बारिश होते ही चारों तरफ पानी पानी हो जाता है। बीजेपी नेता विकास की बातें करके जनता को गुमराह कर रहे हैं। रजवंत ने कहा कि एक बार फिर स्वच्छता सर्वेक्षण ने बीजेपी की ट्रिपल इंजन की सरकार की पोल खोलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी के साथ-साथ धारूहेडा कस्बे के लोग भी गंदगी में माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। भिवाड़ी से आने वाला कंपनियों का केमिकल युक्त पानी ने कस्बे के लोगों जीना हराम किया हुआ रखा है। डहीनवाल ने कहा कि अगर सरकार की मंशा सही हो और विकास कराने की नीयत हो तो शहर को लंदन-पेरिस तो नहीं, लेकिन रहने लायक जरूर बनाया जा सकता है।



रेवाड़ी। शिविर में आयुष्मान कार्ड वितरित करते वीर कुमार यादव। फोटो: हरिभूमि

### आयुष्मान भारत योजना के शिविर का आयोजन

कोसली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरावड़ा में शुक्रवार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव ने किया। वीरकुमार यादव ने लाभार्थियों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह योजना देश के करोड़ों परिवारों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सपना है की हर जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुरक्षा मिले। शिविर में लोगों को योजना से संबंधित जानकारी दी गई एवं पात्र व्यक्तियों का मौके पर पंजीकरण कर उन्हें कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर एसएमओ डा जितेन्द्र कुमार, गुरावड़ा के सरपंच प्रवीण, ब्लॉक समिति सदस्य रामपाल पहलवान, सरपंच नांगलिया रणमोख सुधीर कुमार,सरपंच मालियाकी राहुल कुमार, सरपंच कन्हौरी सुरेन्द्र, रेणुबाला, प्रमोद शास्त्री, भजन सिंह, राजेश कुमार व संजय राव सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, गांव के बुजुर्ग व महिलाएं उपस्थित थे।

### पुलिस ने किशोर को परिजनों से मिलाया

रेवाड़ी। सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने एनएच-48 कापड़ीवास फ्लाईओवर के पास लावारिस हालत में घूम रहे 12 साल के एक नाबालिग बच्चे के परिजनों की तलाश करके सकुशल उनके हवाले किया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। शुक्रवार को पुलिस को एनएच-48 कापड़ीवास फ्लाईओवर के पास एक बच्चे के लावारिस हालत में घूमने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने बच्चे को बरामद कर उससे परिवार के बारे में पूछताछ की तो वह कुछ नहीं बता पाया। पुलिस ने आसपास के इलाके में उसके परिजनों की तलाश शुरू की तो पता चला कि बच्चा मूलरूप से दिल्ली के बिजवासन का रहने वाला है, जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया तो बच्चे पिता रामेश्वर ने बताया की रात्रि के समय उसका बेटा घर से बिना बताए कहीं चला गया था, जिसकी उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की थी तथा उसकी गुमशुदगी की थाने में शिकायत दी। बच्चे के परिजनों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया।



रेवाड़ी। परिजनों के साथ किशोर। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। महिलाओं को जागरूक करते हुए सुपरवाइजर सीमा।

## बेटियों को समान अधिकार व शिक्षा देकर सशक्त बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

बिगड़ते लिंगानुपात और समाज में बेटियों की घटती संख्या को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांवों में जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। गांव बालियर कला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग की सुपरवाइजर सीमा ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व से अवगत कराया। सीमा ने कहा कि लिंगानुपात का असंतुलन समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। अगर आज हम नहीं जागे तो आने वाले समय में यह संतुलन बुरी तरह बिगड़ सकता है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से आह्वान किया कि बेटियों को बेटों के समान अधिकार और शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं। महिलाओं ने न केवल इस संदेश को सराहा और सहयोग का आश्वासन दिया।

### प्रोफेसर सतीश खुराना बने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के गणित विभाग से प्रोफेसर सतीश खुराना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का संयोजक एवं नोडल अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है। प्रोफेसर सतीश खुराना वर्तमान में गणित विभाग के अध्यक्ष हैं एवं पहले भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विभिन्न क्रियान्वन प्रक्रियाओं में सदस्य रहे हैं। प्रोफेसर खुराना ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को क्रियान्वयन कराने में अपनी अहम भूमिका निभाई। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी एवं कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने उनकी क्षमताओं पर विश्वास जताते हुए जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसको वे पूरी निष्ठा से निभाने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। श्विविद्यालय से संबंध विभिन्न महाविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में आने वाले किसी भी शंका के समाधान के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है।

## दो सगी नाबालिग बहनें लापता परिजनों और पुलिस में हड़कंप

- पुलिस ने कड़ी मशक्त के बाद दोनों बहनों का पता लगा लिया

हरिभूमि न्यूज. बावल

कसोला क्षेत्र के एक गांव से ट्यूशन पढ़ने के लिए मोहल्ला हसनपुरा आई दो सगी नाबालिग बहनों के लापता होने से परिजनों और पुलिस में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने कड़ी मशक्त के बाद दोनों बहनों का पता लगा लिया। उनके जयपुर में होने की सूचना के बाद पुलिस टीम को वहां के लिए रवाना कर दिया गया।

एक निवासी व्यक्ति की 14 व 12 साल की दो बेटियां बावल में एक टीचर के पास ट्यूशन पढ़ती हैं। बीते वीरवार को उनका पिता उन्हें ट्यूशन पर पढ़ने के लिए छोड़कर गया था। इसके बाद दोनों बहनें लापता हो गईं। पिता ने शाम तक बेटियों के नहीं मिलने के कारण पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। थाना बावल पुलिस ने वीटी कराते हुए लड़कियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जयपुर के कर्ण विहार थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र में घूम रही दोनों बहनों को पकड़ लिया।

पुलिस दोनों को पूछताछ के बाद थाने ले गई। वहां से बावल थाना पुलिस को सूचना दी गई। बावल एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम ने जयपुर से दोनों बहनों को सकुशल बरामद करने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

बताया जा रहा है कि घर में मन-मुटाव होने के कारण दोनों बहनों से घर नहीं लौटने का फैसला किया, जिस कारण वह बस में बैठकर जयपुर निकल गईं। दोनों की सकुशल वापसी से परिजनों और पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## पीएम श्री विद्यालय बावल में सीएसआर के तहत नवनिर्मित हेरीटेज हॉल का उद्घाटन

- हेरीटेज हॉल का आकार लगभग 90.43 फीट है तथा कंपनी ने इसमें करीब 30 लाख रुपये का खर्च किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल



रेवाड़ी। स्कूल में हेरिटेज हॉल का उद्घाटन करते कंपनी अधिकारी व प्राचार्य।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बावल में शुक्रवार को सीएसआर गतिविधि के तहत नवनिर्मित हेरीटेज हॉल का उद्घाटन किया गया। आईजेएल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बावल के डायरेक्टर टोकुजी नगाता ने हेरीटेज हॉल का उद्घाटन किया। हेरीटेज हॉल का आकार लगभग 90. 43 फीट है तथा कंपनी ने इसमें करीब 30 लाख रुपये का खर्च किए है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में पौधरोपण करके की गई। इसके पश्चात हेरीटेज हॉल का शुभारंभ किया गया। छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। विद्यालय प्राचार्य व स्टाफ ने कंपनी के अधिकारियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कंपनी के एचआर हेड रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरक संबोधन दिया। कंपनी के डायरेक्टर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों से संवाद किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बावल कस्बे के पार्षद, समाजसेवी सतबीर ढिल्लों व पूर्व एसएमसी प्रधान मौजूद रहे। कमलेश कुमारी प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान ने कार्यक्रम में मंच संचालन किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### शिवरात्रि पर्व पर जागरण व भंडारे का होगा आयोजन

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ रोड स्थित गांव बुड़ौली में शिवरात्री पर्व के उपलक्ष्य में भगवान भोलेनाथ के 15वें शिविर, जागरण व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सेवा समिति के सदस्य पंडित मुरारीलाल, मीर सिंह यादव, भूप सिंह चौधरी, अशोक कुमार व ग्रामीणों ने बताया कि 22 जुलाई को रात्रि 9:15 बजे से जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गायक कलाकार भोले बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। 23 जुलाई को शिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा और भोले बाबा का जलाभिषेक होगा।



रेवाड़ी। महिलाओं को शपथ दिलाते हुए सुपरवाइजर। फोटो :हरिभूमि

### लिंगानुपात बढ़ाने को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**कुंड।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव भालखी में लिंगानुपात बढ़ाने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। माजरा सर्कल की सुपरवाइजर सुजीत कुमारी ने बताया कि लिंगानुपात बढ़ाने के लिए लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत बेटियों का जन्मदिन मनाने से लेकर ग्रामीणों को शपथ दिलाई जा रही है।

---

### पांच दिन बाद तहसीलदार गांव जाकर करेंगे निरीक्षण, इसके बाद डीसी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

# बांध टूटने का खतरा टाल गए डीसी टहना के ग्रामीणों को मिली राहत

- तहसीलदार करेंगे मौका मुआयना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

टहना दीपालपुर में प्राइवेट लैंड पर बने बांध को तोड़ने का खतरा फिलहाल डीसी अभिषेक मीणा ने टाल दिया है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। अब 23 जुलाई को तहसीलदार गांव जाकर मौका मुआयना करने के बाद डीसी को अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। बांध टूटने की आशंका के चलते शुक्रवार को दिन भर ग्रामीण प्रशासन की टीम आने का इंतजार करते रहे। बांध तोड़ने पर रोक के डीसी के निर्णय से ग्रामीणों ने फिलहाल राहत की सांस ली है।

आसपास के गांवों का बरसाती पानी रोकने के लिए गांवों में दशकों पूर्व एक बांध बनाया गया था। इस बांध के दूसरी ओर अभी भी बरसाती पानी भरा हुआ है। यह बांध प्राइवेट लैंड पर बना हुआ है। बांध की जमीन को किसी अन्य व्यक्ति ने खरीदने के बाद कब्जा हासिल करने के लिए कोर्ट में केस दायर किया था। कोर्ट ने जमीन के मालिक के हक में फैसला देते हुए प्रशासन को कब्जा दिलाने के लिए 18 जुलाई का समय दिया था। कोर्ट के आदेशों को अमलीजामा पहनाने की पूरी तैयारी हो चुकी थी। इसी बीच जब ग्रामीणों को बांध टूटने के आदेशों की जानकारी मिली, तो पूरे गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने बीते वीरवार को ही डीसी अभिषेक मीणा से मिलकर बांध को टूटने से रोकने का आग्रह किया था। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बांध टूटता है, तो इससे बरसाती पानी गांव में घुस जाएगा। पानी से ग्रामीणों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जलभराव के चलते गांव में महामारी तक फैल सकती है। उन्होंने डीसी से आग्रह किया था कि जिस व्यक्ति की जमीन है, उसे उसका मुआवजा देकर बांध को बचाया जाए।



रेवाड़ी। गांव में दशकों पूर्व बनाया गया बांध और इनसेट में सरपंच सरोज ग्रामीणों के साथ। फोटो : हरिभूमि

#### 'करो या मरो' की रणनीति बनाई

ग्रामीणों ने बांध को टूटने से बचाने के लिए 'करो या मरो' तक की रणनीति बना ली थी। उन्होंने कहा था कि प्रशासन की टीम को किसी भी सूरत में बांध नहीं तोड़ने दिया जाएगा, चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। आसपास के ग्रामीणों से भी बांध टूटने से बचाने के लिए सहयोग मांगा गया था। ग्रामीण सुबह से ही प्रशासन की टीम आने का इंतजार कर रहे थे। बाद में उन्हें संदेश मिला कि डीसी ने बांध तोड़ने पर फिलहाल रोक लगा दी है। तहसीलदार को 23 जुलाई को मौका मुआयना करने के आदेश दिए गए हैं।

#### बांध तोड़ने नहीं पहुंची टीम

यह बांध ग्रामीणों की जीवनरेखा बना हुआ है। बांध टूटते ही ग्रामीणों को जलभराव की भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हमने डीसी से मिलकर बांध को टूटने से रोकने की अपील की थी, जिस पर डीसी ने उचित कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगा दी है। इससे पूरे गांव को काफी राहत मिली है।

-सरोज देवी, सरपंच, टहना दीपालपुर।

**ग्रामीणों की लाइफलाइन बना बांध :** ग्रामीणों का कहना है कि इस बांध के कारण दूसरे गांवों का बरसाती पानी गांव में घुसने से रुक रहा है। पानी का बहाव गांव की ओर रहता है। बांध टूटते ही इसके दूसरी ओर भरा पानी गांव में प्रवेश कर जाएगा, जिससे निचलते इलाकों में पानी घरों तक में घुस जाएगा। ग्रामीणों के सामने जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी।

सरपंच सरोज देवी व पूर्व सरपंच अभिलाष के नेतृत्व में आए ग्रामीणों को डीसी ने आश्वासन दिया था कि इस समस्या का जल्द समाधान निकाला जाएगा।

---



रेवाड़ी। सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### रोजाना अलग-अलग गांवों से लोग आ रहे

## सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर जोर पकड़ रहा आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

रामगढ़-भगवानपुर में सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी पिछले 32 दिन से अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है।

धरने को समर्थन देने के लिए रोजाना अलग-अलग गांवों से लोग आ रहे हैं। शुक्रवार को धरना स्थल पर बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, तुर्कियावास, बालियर खुर्द, मालाहेड़ा, ढाकिया, रोजका, जीतपुरा, बालियर कंला, फदनी, मीरपुर, गोकलपुर, कुंभावास, जाट, जाटी खलीलपुर, ढोहकी, डाबड़ी, काकोड़िया, मुंढलिया, नयागांव, घुड़कावास, लिसाना, जाट गंगायचा, जाट भुरथल व रामगढ़ भगवानपुर गांवों के ग्रामीण मौजूद थे तथा धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक गांव की सरकारी अस्पताल की मांग पूरी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गांव ने जल घर के लिए 10 एकड़ जमीन दी है अब सरकार गांव में 200 बेड का अस्पताल बनवाने का कार्य भी करें।

#### धरने पर ये मौजूद रहे

धरने पर कॉमरेड राजेंद्र सिंह, कॉमरेड रमेश, कुलदीप यादव, शेर सिंह मीरपुर, लालसिंह, रामकुमार, मोहर सिंह, खजान सिंह पूर्व सरपंच, महीपाल सिंह, शीशपाल, नरेश, मास्टर प्रेम प्रकाश, नवल सिंह, गजराज सिंह यादव, राज, सतीश सरपंच बुड़ानी, नरेश फोरमैन, अनिल सरपंच गोकुलपुर, इंद्रजीत, सत्यवीर एक्स सरपंच, अभय सिंह फिदेड़ी, इंद्रजीत नंबरदार रामगढ़, हरिओम मिस्त्री, राजकुमार, राजबीर, वीरेंद्र सिंह फोजी, शोभाराम, गणेश, रोशनलाल, रामनारायण, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, गीता देवी, कविता देवी, सुशीला, मुकेश, रमेश, शीला, मोनिका, निर्मला, ज्ञानवती, बीरमती, राजेश्वरी, बिमला, कमलेश शकुंतला, बिमला, हेमा, कमला, सुनीता व आशा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

---

### सीएसआर के तहत रेडक्रॉस ने 100 दिव्यांगों को वितरित की 58 लाख की मोटराइज्ड ट्राई साइकिलें

## दिव्यांगता से घबराकर पीछे हटने की अपेक्षा उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना साकार करें दिव्यांगजन : डीसी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**





रेवाड़ी। दिव्यांगजनों को संबोधित करते रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं डीसी अभिषेक मीणा व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित करते डीसी अभिषेक मीणा व अन्य गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि दिव्यांगजन जीवन में दिव्यांगता से घबराकर पीछे हटने की अपेक्षा धैर्य के साथ समाज की मुख्यधारा में जुड़ते हुए उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना को साकार करने में आगे रहें। जिला रेडक्रॉस सोसायटी उनके हर कदम पर सहयोगी बनते हुए उनका साथ देगी। डीसी मीणा शुक्रवार को शहर के हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में पावर फाइनेंस लिमिटेड की ओर से सीएसआर योजना के तहत दिव्यांगजनों के को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। डीसी ने कंपनी के महाप्रबंधक दुर्गेश रांगेरा, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी महेश गुप्ता, एलिम्को सामाजिक न्याय मंत्रालय के वरिष्ठ प्रबंधक विकास शर्मा के साथ मिलकर लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित की।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में किसी भी रूप से किसी व्यक्ति में दिव्यांगता है तो जिला रेडक्रॉस सोसायटी उसको हर संभव मदद करने के लिए सजग है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग समाज का अभिन्न अंग है, इसलिए उन्हें भी अपने जीवन को पूरे आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। दिव्यांगजनों के प्रति प्रशासन संवेदनशील है और दिव्यांगजनों के लिए सरकार के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर उनका हर संभव सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के लिए पैरा ओलंपिक में मेडल व क्रिकेट सहित सभी खेलों में अच्छी उपलब्धियां हमारे दिव्यांग खिलाड़ी हासिल कर रहे है। उन्होंने कहा कि समाज में अगर कोई दिव्यांग है तो उसकी मदद करना सिर्फ उनके माता-पिता का दायित्व नहीं है, बल्कि मानवीय आधार पर पूरे समाज को उनका सहयोगी बनकर साथ देना है। दिव्यांगजन दया नहीं, बल्कि सेवा भावना के हकदार हैं।

डीसी ने कहा कि दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें सेवाभाव से प्रोत्साहित करने, सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांगजनों का जीवन सरल एवं जीवन शैली में सुधार होगा। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि सीएसआर गतिविधियों के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण एलिम्को भारत सरकार की ओर से चिह्नित 100 लाभार्थियों को करीब 58 लाख लागत की निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित की गई हैं।

---

## उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए सीआरएफ की बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

शुकवार को बनीपुर चौक बावल स्थित बिजली वितरण निगम के सब अर्बन डिवीजन कार्यालय में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यानि सीआरएफ की बैठक आयोजित की गई। बिजली निगम के एक्सईएन ओमेन्द्र भारद्वाज चेयरमैन के नेतृत्व में गोठड़ा, पाली व बावल की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायतें सुनी गई। एक्सईन ने बताया कि कंज्यूमर कोर्ट में 50000 तक के बिल समाधान किया जाता है, यदि समस्या ठीक है और किसी उपभोक्ता की शिकायत है तो मौके पर ही समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैसे इस समस्या को का समाधान 45 दिन के अंदर होता है। उन्होंने सीआरएफ मीटिंग का उद्देश्य है कि पीड़ति को कोर्ट में जाने की आवश्यकता न पड़े और मौके पर समाधान हो जाएग। इससे उपभोक्ता का वकील का और अन्य खर्च बच जाता है। इस मौके पर सीआरएफ की सदस्य कुमारी गीता भी मौजूद रही। उन्होंने कहा कि पीड़ति अपनी समस्या लेकर आए। सभी समस्याओं को मौके पर निदान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सीआरएफ के सदस्य एसडीओ रविंद्र कुमार बावल, एजाज अहमद पाली गोठड़ा व सुधीर कुमार सुपरिटेंडेंट मौजूद थे।



रेवाड़ी। सीआरएफ की मीटिंग में उपभोक्ताओं की समस्या सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

### व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 21 से 25 तक

**रेवाड़ी।** रोजगार विभाग की ओर से आगामी 21 जुलाई से 25 जुलाई तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों, युवाओं को व्यवसाय से संबंधी जानकारी दी जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी मनीता यादव ने बताया कि व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के दौरान स्कूलों, कॉलेजों व आईटीआई के विद्यार्थियों को व्यवसायिक लक्ष्य निर्धारण व करियर को विभिन्न क्षेत्रों में निखारने के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके तहत कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को स्वरोगार के अवसर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह में जिला रोजगार अधिकारी व प्राचार्य आईटीआई सहित विभिन्न संस्थाओं के विशेषज्ञों द्वारा स्वरोजगार, प्रशिक्षण व ऑनलाइन पंजीकरण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### चित्रगुप्त भवन में महिलाओं के लिए मेडिकल हेल्थ कैंप कल

**रेवाड़ी।** श्री चित्रगुप्त मंदिर चैरिटी ट्रस्ट, श्री चित्रगुप्त सभा एवं गोल्डन लायनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 20 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक महिलाओं के लिए मेडिकल हेल्थ कैंप लगाया जा रहा हैं। ट्रस्ट के सचिव के के सक्सैना ने बताया कि कैंप का आयोजन मंदिर के चित्रगुप्त भवन में किया जाएगा।

कैंप की मेडिकल टीम में शामिल डा. रूचि सक्सेना व डा. नमिता कुलश्रेष्ठ महिलाओं की जांचए कर उचित परामर्श देंगी तथा दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस तरह का कैंप हर महीने के तीसरे रविवार को आयोजित किया जाएगा।

---

### शिकायतों व उनके निवारण के कार्य की समीक्षा की

## समाधान शिविर में आई सभी पुरानी शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार के महत्वाकांक्षी कदम में शामिल समाधान शिविर आमजन की सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं के निवारण का केंद्र बिंदु बन रहे हैं। ऐसे में विभागाध्यक्ष समाधान शिविर में आने वाली जन शिकायतों का निदान प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है और लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मुहैया कराना है।



समाधान शिविर की समीक्षात्मक बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सभी अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों व उनके निवारण के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। डीसी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करें और रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपडेट करें।

डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से प्रत्येक सोमवार व वीरवार को लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि मई माह से पूर्व की सभी शिकायतों का तत्काल समाधान करें और उन शिकायतों की एटीआर भी दें। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को सभी पुरानी शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर की जिस विभाग में शिकायतें लंबित हैं, वे तुरंत समाधान करते हुए रिपोर्ट भिजवाएं। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेन्द्र सिंह, डीएमसी ब्रह्म प्रकाश व सीटीएम प्रीति रावत सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

### गोकलगढ़ में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** गोकलगढ़ गांव में वीरवार की रात एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। गांव निवासी अरविंद रात को अपने कमरे में सो गया था। सुबह वह देर तक नहीं उठा, तो परिजनों ने उसके कमरे में झांककर देखा। उसका शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर शव को कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी पुलिस ने मौके पर बुला लिया। बाद में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस फांसी लगाने के कारणों की जांच कर रही है।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

---

**त्योहार** | कार्यक्रम में अनेक स्टॉलें लगाई गई, जहां पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की

# अग्रवाल समाज महिला विंग ने हर्षोल्लास से मनाया तीज महोत्सव

- शिव-पार्वती नाट्य प्रस्तुति से बांधा समां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**






रेवाड़ी। भगवान शिव-पार्वती पर कार्यक्रम पेश करती अग्रवाल समाज की महिलाएं व तीज महोत्सव में मौजूद महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को अग्रवाल भवन में अग्रवाल समाज की महिला विंग की ओर से प्रेम, भक्ति और हरियाली का त्योहार तीज महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति अरुण गुप्ता, अनीता सिंगला, डा. अनुभूति, सीमा, बिमला अग्रवाल व कंचन गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत रेणु गुप्ता, संगीता गुप्ता व अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके की। इस मौके पर अग्रवाल सभा महिला विंग की प्रधान मोना गोयल ने कहा कि हरियाली तीज का पर्व भगवान शिव व माता पार्वती को समर्पित है। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने राजस्थानी नृत्य कर शिव पार्वती नाट्य प्रस्तुति से समां बांधा। प्रियंका ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए खेल व अन्य गतिविधियों से सबका मनोरंजन किया। कार्यक्रम में अनेक स्टॉलों लगाई गई, जहां पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने तीज के गानों का आनंद लिया। महिला विंग की सदस्यों ने डा. सीमा मित्तल, डा. प्रज्ञा, डा. गुंजन गोयल, डा. आंचल, डा. प्रभा अग्रवाल व डा. दिव्या का दुपट्टे व माला से स्वागत किया। इस मौके पर विंग की उपप्रधान कल्पना अग्रवाल, मैनेजर प्रभा अग्रवाल, सचिव अल्का गुप्ता, सहसचिव शेफाली गोयल और मंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शशि मित्तल व आंचल गर्ग व अन्य सदस्य ललिता मित्तल, उषा रानी, रेखा अग्रवाल, रजनी, सुनीता, दीपिका, आभा रूंगटा, नीतू, अमन, सीमा, अंजना, आशा, यशोदा, पूनम, यशिका, राजरानी व पल्लवी सहित समाज की अनेक महिलाएं मौजूद थी।